## नियम 81 : निरक्षर, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के शपथपत्र

जहां शपथपत्र किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा शपथपूर्वक दिया जाता है या पुष्टि की जाती है जो निरक्षर, दृष्टिबाधित या उस भाषा से अनभिज्ञ प्रतीत होता है जिसमें शपथपत्र लिखा गया है, वहां सत्यापनकर्ता यह प्रमाणित करेगा कि शपथपत्र उसके द्वारा या उसकी उपस्थिति में अभिसाक्षी को पढकर सुनाया, समझाया या अनुवादित किया गया था और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इसे समझ गया है, और उसने सत्यापनकर्ता की उपस्थिति में अपना हस्ताक्षर या निशान बनाया है जिसमें **जीएसटीएटी प्ररूप–05** में निर्दिष्ट सभी जानकारी सम्मिलित होगी।